यूटीयू ने दो कालेज को जारी किया नोटिस

स्पष्टीकरण मांगा

- कुलपति प्रो. ओंकार सिंह को औचक निरीक्षण के दौरान मिली लापरवाही
- बीहाइव कालेज और लिब्रा कालेज आफ ला में नहीं मिले छात्र-छात्राएं
- कुलपति ने किंगस्टन कालेज आफ फार्मेसी में छात्रों से संवाद किया

दूषित नहीं होने देंगे शैक्षिक वातावरण

यूटीयू के कुलपति प्रो . ओंकार सिंह ने इन संस्थानों के साथ सभी पाठ्यक्रमों में संबद्ध निजी संस्थानों, राजकीय संस्थानों व विवि के परिसर संस्थानों को भी संदेश देते हुए कहा कि शैक्षणिक वातावरण किसी भी तरह से दूषित नहीं होने दिया जाएगा। अगर कहीं शैक्षिक स्तर प्रभावित होता मिला तो विवि की ओर से संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

जागरण संवाददाता, देहरादून : वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने बुधवार को विवि से संबद्ध संस्थान लिब्रा कालेज आफ ला, किंगस्टन कालेज आफ फार्मेसी, बीहाइव कालेज आफ इंजीनिरिंग व गुरुनानक कालेज आफ फार्मेसी का औचक निरीक्षण किया। लिब्रा कालेज आफ ला और बीहाइव कालेज़ आफ इंजीनिरिंग में छात्र नहीं मिलने पर उन्होंने दोनों संस्थानों को विधिक कार्रवाई की चेतावनी देते हुए दो दिन के भीतर नोटिस का जवाब देने को कहा है।

यूटीयू का अकादमिक सत्र 16 अगस्त से शुरू हो चुका हैं। ऐसे में बुधवार को कुलपति प्रो. ओंकार सिंह संस्थानों के निरीक्षण पर निकले। वह सबसे पहले लिब्रा कालेज आफ ला गए। निरीक्षण के दौरान पता चला कि कालेज में अब तक कक्षाएं शुरू नहीं हुई हैं और छात्र भी कम ही उपस्थित थे। ऐसे में कुलपति ने नाराजगी व्यक्त की। शैक्षणिक कैलेंडर के अनुरूप कक्षाएं संचालित न करने पर संस्थान को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। कुलपति ने किंगस्टन कालेज आफ फार्मेसी छात्रों से संवाद किया। प्राचार्य डा. झूमा सामंता को समय सारिणी के अनुरूप कक्षाएं संचालित करने को कहा। सेलाकुई स्थित बीहाइव कालेज आफ इंजीनियरिंग का निरीक्षण किया। यहां पर भी स्थिति वैसी ही मिली। कुलपति ने चेतावनी देते हुए कहा कि विवि इन छात्रों को अन्य संस्थानों में ट्रांसफर करते हुए डी-ऐफिलेशन की विधिक कार्वाई कर सकता है। इसके लिए संस्थान से स्पष्टीकरण मांगा है। झाझरा स्थित गुरुनानक कालेज आफ फार्मेसी का औचक निरीक्षण कर छात्रों से संवाद किया और कक्षाओं के संचालन पर फीडबैक लिया।